NIRF रैंकिंग 2023

हाल ही में [राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF)](#) द्वारा वर्ष 2023 के लिये रैंकिंग की घोषणा की गई जिसमें भारत के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की उत्कृष्टता और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।

- **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास** ने लगातार **पाँचवें वर्ष समग्र रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया,** जबकि **भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बंगलूरू** को **सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय** के रूप में स्थान दिया गया

NIRF रैंकिंग 2023 की प्रमुख विशेषताएँ:

- **रैंकिंग के क्षेत्र:**
  - वर्ष 2023 की रैंकिंग अभ्यास में **विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों, डिग्री कॉलेजों के लिये एक सामान्य "समग्र" रैंक** प्रदान करना। इसके साथ ही इंजीनियरिंग, प्रबंधन, फार्मेसी, कानून, चिकित्सा, दंत चिकित्सा और वास्तुकला एवं योजना में एक अलग अनुशासन-विशिष्ट रैंक प्रदान करना।
- **भारतीय रैंकिंग के वर्ष 2023 संस्करण के तीन विशिष्ट पहलू:**
  - **कृषि और संबद्ध क्षेत्र** नामक एक नए विषय की शुरुआत।
  - शहरी और नगरीय प्लानिंग में पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले संस्थानों को शामिल करने के लिये **"वास्तु-कला" के दायरे का "वास्तुकला और योजना" तक विस्तार।**
  - दो भिन्न-भिन्न अभिकरणों को समान डेटा प्रदान करने के संस्थानों के बोझ को कम करने के लिये **अटल रैंकिंग ऑफ इंस्टीट्यूशंस ऑन इनोवेशन अचीवमेंट्स** (ARIIA) द्वारा पूर्व में निष्पादित "इनोवेशन/नवाचार" रैंकिंग का भारतीय रैंकिंग में एकीकरण।
- **प्रतिभागी**:
  - जबकि विभिन्न श्रेणियों और विषय डोमेन में रैंकिंग अभ्यास में भाग लेने वाले [उच्च शिक्षण संस्थानों](#) की कुल संख्या **वर्ष 2016 के 3565 से बढ़कर वर्ष 2023 में 8686** हो गई है, जबकि **श्रेणियों तथा विषय डोमेन की संख्या वर्ष 2016 के 4 से बढ़कर वर्ष 2023 में 13 हो गई है**

- **प्रमुख शीर्ष रैंकिंग:**
  - **अग्रणी इंजीनियरिंग संस्थान:** IIT मद्रास ने लगातार आठवें वर्ष भारत में शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में अपना प्रभुत्व बनाए रखा है, IIT दिल्ली और IIT बॉम्बे क्रमशः दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे।
  - **शीर्ष प्रबंधन संस्थान: भारतीय प्रबंधन संस्थान (Indian Institute of Management- IIM), अहमदाबाद** ने भारत में अग्रणी प्रबंधन संस्थान के रूप में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, इसके बाद IIM बंगलूरू और IIM कोझिकोड का स्थान रहा।
  - **शीर्ष विधि संस्थान: नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बंगलूरू** देश में शीर्ष विधि संस्थान के रूप में उभरी है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली ने दूसरा स्थान हासिल किया और NALSAR यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद को तीसरा स्थान मिला।
  - **शीर्ष फार्मेसी संस्थान: नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, हैदराबाद** को भारत में अग्रणी फार्मेसी संस्थान के रूप में मान्यता दी गई। इसके बाद जामिया हमदर्द और बिट्स पिलानी का स्थान रहा।
  - **शीर्ष कॉलेज:** दिल्ली विश्वविद्यालय (DU) रैंकिंग में अग्रणी रहा, इसके पाँच कॉलेजों ने भारत के शीर्ष 10 कॉलेजों में स्थान हासिल किया।
    - **मिरांडा हाउस ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, जबकि हिंदू कॉलेज** ने दूसरा स्थान हासिल किया।

NIRF रैंकिंग:

- **परिचय**:
  - NIRF विभिन्न मापदंडों के आधार पर देश भर के संस्थानों को रैंक करने की एक पद्धति है।
  - NIRF को शिक्षा मंत्रालय (पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्रालय) द्वारा अनुमोदित किया गया था और 29 सितंबर, 2015 को लॉन्च किया गया था।
  - **देश में उच्च शिक्षा संस्थानों (HEIs) को रैंक देने का सरकार का यह पहला** प्रयास है।
- **NIRF रैंकिंग हेतु पैरामीटर्स:** प्रत्येक पैरामीटर के लिये वेटेज, संस्थान की श्रेणी के आधार पर भिन्न होता है।

// Fig. 1: NIRF Parameters for Ranking of Institutions

सरोत: इंडयिन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nirf-ranking-2023